एक नजर में

अजाक्स की हुई बैठक के बाद रैली निकाली

उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय में उज्जैन जिला इकाई द्वारा दूसरे मालवांचल अजाक्स सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने, अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं तथा समाज के उत्थान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दूसरे मालवांचल अजाक्स महाधिवेशन मई के अंतिम सप्ताह में उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय सचिव डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया ने कहा कि अजा-अजजा वर्ग के महापुरुषों ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम को प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ. कनिया मेडा, अजाक्स प्राध्यापक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद मालवीय एवं डॉ. मोहन निमोले सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में कोठी रोड पर रैली निकाली गई। इस अवसर पर रमेशचंद्र सूर्यवंशी, राम सोलंकी, मोहनलाल मालवीय, आनंदीलाल, नारायण चौहान, राजेश सूर्यवंशी, हेमराज घावरी, नारायण गुजराती, डॉ. प्रमोद मालवीय घोंसला सहित कई पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने मालवांचल अजाक्स महाधिवेशन को लेकर अपने विचार रखे। संचालन करण परमार ने किया, जबकि आभार राजेश सूर्यवंशी ने माना। जानकारी जिला डीएल भीलवाड़ा ने दी।

लय ने जीता स्वर्ण, लक्ष्य को मिला कांस्य पदक

उज्जैन। इंदौर में आयोजित द्वितीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस खेल स्पर्धा में उज्जैन के लय शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, लक्ष्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता और शहर का गौरव बढ़ाया। यह द्वितीय राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 8 और 9 मई को इंदौर में आयोजित की गई थी। पदक विजेता दोनों खिलाड़ी शहर के सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल के खेल प्रशिक्षक ज्वलंत शर्मा के पुत्र हैं। लय और लक्ष्य की इस विशेष खेल उपलब्धि पर सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्य सिस्टर विनीता, मैनेजर फादर जैकब सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बांके बिहारी मंदिर के पुजारीं आत्मीय स्वागत

उज्जैन। धार्मिक यात्रा पर रविवार को उज्जैन आए वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर के मुख्य पुजारी मोहित कृष्ण गोस्वामी और उनकी पत्नी निष्ठा कृष्ण गोस्वामी का आत्मीय स्वागत किया गया। सराफा स्थित पुष्टिमार्गीय मदन मोहन जी की हवेली पर शहर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला, हवेली के ननू भैया मुखिया और मुख्यानी ने उपर्णा, पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर गोस्वामी दंपती का अभिनंदन किया। इस अवसर पर दिलीप वैद्य, प्रदीप वैद्य, राकेश नीमा, निकिता नीमा, पवन शुक्ला, रजनी शुक्ला, रुचि शुक्ला, गजानंद भट्ट और अनिल जी सहित मदन मोहन हवेली परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

आज सजेगी शामे मौसीक़ी की महफिल

उज्जैन। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद और संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 11 मई को उज्जैन में शामे मौसीक़ी का आयोजन किया जा रहा है। सूफ़ी सम्मेलन के तहत होने वाले इस कार्यक्रम में ग़ज़लों और सूफ़ी कलाम की सांगीतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह महफिल यूनिवर्सिटी रोड स्थित कालिदास संस्कृत अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में शाम 7 बजे से सजेगी। कार्यक्रम में देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को ग़ज़ल और सूफ़ी संगीत से रूबरू कराएंगे। महफिल में भोपाल के प्रख्यात ग़ज़ल गायक राजीव सिंह, उज्जैन की वाणी साठे और जावरा के अहमद रज़ा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस सांगीतिक कार्यक्रम का संचालन शबनम अली करेंगी। डॉ. मेहदी ने साहित्य प्रेमियों से कार्युक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

डॉ. कविता किरण का होगा सम्मान

उज्जैन। डॉ. देवेन्द्र जोशी स्मृति साहित्य विमर्श परिषद् के तत्वावधान में 11 मई को सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। अंकपात मार्ग महेश नगर स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में शाम 7 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. कविता किरण का उनकी उपलब्धियों के लिए विशेष सम्मान किया जाएगा। सीमा देवेन्द्र ने बताया कि समारोह में डॉ. कविता किरण सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि प्रो. हरिमोहन बुधौलिया होंगे। वहीं, प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहेंगे। संचालन कवि सुनील गाइड करेंगे। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में शहर के चुनिंदा साहित्यकार अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे।

सात डॉक्टर की पैनल ने किया छात्रा का पोस्टमार्टम

अस्पताल में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तीन थानों का पुलिस बल किया था तैनात

उज्जैन। अपेंडिक्स ऑपरेशन के बाद 7वीं में पढ़ने वाली छात्रा की मौत होने पर शनिवार को परिजन का आक्रोश फूट गया था। रविवार सुबह छात्रा का प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में सात डॉक्टर की पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर चुकी है। पॉली क्लीनिक से जुड़े एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है।

जानकारी अनुसार राघवी क्षेत्र के ग्राम तीलियाखेड़ी में रहने वाला डाबी परिवार मंछामन कॉलोनी में चौकीदारी का काम करता है। परिवार की 11 वर्षीय दीपिका पिता मेहरबान को कुछ दिन पहले पेट दर्द हुआ था। परिवार ने कॉलोनी के ही जनसेवा नोबेल पॉली क्लीनिक में डॉक्टर को दिखाया एक माह तक उपचार चलने के बाद शनिवार को डॉ. डीके तिवारी ने अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया। दीपिका की हालत बिगड़ गई। पॉली क्लीनिक के कर्मचारी दीपिका को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा पॉली क्लीनिक के

डॉक्टर और कर्मचारी क्लीनिक पर ताला लगाकर भाग निकले। परिजनों के आक्रोश का पता चलते ही नीलगंगा पुलिस क्लीनिक पहुंच गई थी। परिजनों को समझाइए दी गई। शव चरक अस्पताल लाया गया जहां परिजनों ने दीपिका की बॉडी सड़क पर रख चक्काजाम कर दिया। रात 11.30 बजे तक परिजन सड़क पर बैठे रहे और डॉक्टर के साथ अस्पताल कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। देर रात प्रशासन और पुलिस के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त किया गया।

रविवार सुबह मृतक दीपिका का पोस्टमार्टम एसडीएम एलएन गर्ग, तहसीलदार शेफाली जैन, चिमनगंज, माधवनगर, कोतवाली थाना प्रभारी की मौजूदगी में सात डॉक्टर की टीम सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल, डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. एके सिंह, डॉ. शीतल गुप्ता डॉ. शिव मेनिया, डॉ. अभिषेक जाटव, डॉ. दिलीप वास्के की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान वीडियो ग्राफी भी की गई। पोस्टमार्टम के बाद छात्रा का शव एंबुलेंस के माध्यम से उसके पैतृक गांव तक भेजा गया।

छात्रा की मौत के बाद पॉली क्लीनिक किया गया सील

छात्रा की मौत होने पर परिजनों ने क्लीनिक के भर काफी देर तक विलाप किया था इसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। पिता मेहरबान का आरोप ताकि उन्हें स्थिति स्पष्ट नहीं की गई ना ही उपचार संबंधित फाइल दी गई है। घटना के बाद अस्पताल स्टाफ ताला लगाकर भाग गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएमएचओ डॉ. पटेल को मौके पर बुलाया। टीम के साथ पहुंचे सीएमएचओ ने क्लीनिक का ताला तोड़कर छात्रा के उपचार संबंधित फाइल तलाश की लेकिन वह भी नहीं मिली। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सभी दस्तावेज जप्त किए जाएंगे

राजेश चौहान के नाम पर रजिस्ट्रेशन

बताया जा रहा है कि पॉली क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन राजेश चौहान के नाम पर है। राजेश पूर्व में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन का सहयोगी रह चुका है। जिस रात में ही पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया था। छात्रा का ऑपरेशन डॉ. डीके तिवारी द्वारा किया गया था, जो स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक होना बताए जा रहे हैं। नीलगंगा पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर अस्पताल से जुड़े सभी लोगों की तलाश कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद छात्रा की मौत के दोषियों पर धारा बढ़ाई जाएगी।

कंठाल चौराहे पर नाली निर्माण कार्य की कनेक्टिव कर कार्य को शीघ्र करें पूर्ण...

उज्जैन। मुख्यमंत्री की परिकल्पना अनुसार सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। जिससे सिंहस्थ महापर्व के दौरान आवागमन सुगम होगा। इसी के तहत निगमआयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रतिदिन रिव्यू बैठक लेकर चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है।

निगमायुक्त ने अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रचलित कोयला फाटक से कंठाल चौराहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा चौड़ीकरण मार्ग में ठेकेदार एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाली निर्माण के दूसरी साइड पर नाली की कनेक्टिव कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। जिससे जलभराव की स्थिति नहीं बन पाए। कंठाल चौराहे पर मौजूद मलबे को हटाकर कार्य को गति देने एवं पीएचई लाइन में पेयजल व्यवस्था हेतु कनेक्शन करने, मार्ग में पोल शिफ्टिंग कार्य,एवं सीआरएम कार्य जो कि 300 मीटर पूर्ण हो गया है,डीएलसी कार्य पूर्ण करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, उपयंत्री राजेंद्र रावत एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार मौजूद रहे।

आग उगल रहा सूरज, तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब

- आगामी दो तीन दिनों में फिर से मौसम करवट बदलेगा

उज्जैन। एक सप्ताह बाद फिर से सूरज आग उगलता दिखाई दे रहा है। रविवार सुबह 11 बजे बाद ही तापमान 39 डिग्री के करीब पहुंच गया था। हवा में भी गरमाहट महसूस हो रही थी। शाम को तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले शनिवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री दर्ज किया गया था। तापमान में आ रही तेजी के चलते आगामी दो तीन दिनों में फिर से मौसम करवट बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम पूरी तरह से बदल गया था और तापमान 40 डिग्री के नीचे चला गया था। लेकिन एक बार फिर पिछले तीन दिनों से दिन के तापमान में तेजी दर्ज की जा रही है। वहीं रविवार सुबह फिर से सूरज आग उगलता हुआ दिखाई दे रहा था। सुबह 11 बजे बाद ही गर्म लपटें महसूस होने लगी थी और तापमान 39 डिग्री के करीब पहुंच गया। आगामी दिनों में मौसम करवट बदलेगा और बादलों के साथ जिलों में बारिश आएगी।

मई माह में इसी तरह उतार चढ़ाव चलेगा

मई माह इसी तरह तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच गुजर सकता है। तापमान बढ़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गर्म हवा हिट वेब के संकेत दे रही है। इस बार पश्चिमी विक्षोभ की लगातार सक्रियता बनी रहने से मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। शनिवार को दिन के तापमान में आई तेजी के साथ ही रात का तापमान भी 25 डिग्री था।

पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगाए रेडियम

उज्जैन। रात में ट्रैक्टर-ट्रालियों व भारी वाहन कम रोशनी में दिखाई नहीं देते हैं। इससे कई बार वाहन चालक पीछे से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इन हादसों को रोकने के लिए शनिवार को डीएसपी विक्रमसिंह कनपुरिया व दिलीपसिंह परिहार ने उंडासा स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र पर 165 अधिक ट्रैक्टर-ट्रालियों व भारी वाहनों में रेडियम लगाए हैं। डीएसपी परिहार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस पुलिस द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना रोकथाम अभियान चलाया गया। वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर नहीं लगे होने से रात के समय कम रोशनी में सड़क किनारे खड़े होने अथवा चलने के दौरान भारी वाहनों के स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते हैं। जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इन्हें रोकने के लिए रिफलेक्टर लगाए गए हैं। पूर्व में भी आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में जाकर 200 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफलेक्टर लगाए गए थे।

फर्जी और अवैध अस्पतालों पर कसेगा शिकंजा-पंजीयन, डिग्री खंगाले जाएंगे

- चंद रुपयों के लालच में मरीजों की जान से खिलवाड़

उज्जैन। शहर में गली-मोहल्लों में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए निजी अस्पतालों, क्लीनिकों और पॉली क्लीनिकों पर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। वर्षों से चंद रुपयों के लालच में बिना पर्याप्त संसाधनों, बिना पंजीयन और बिना योग्य चिकित्सकों के अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं।

इन अस्पतालों में इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं, बोतलें चढ़ाई जा रही हैं, छोटे-बड़े ऑपरेशन किए जा रहे हैं, यहां तक कि आईसीयू और ऑपरेशन थिएटर भी संचालित किए जा रहे हैं, कई अस्पतालों में व्यवस्थाएं बेहद कमजोर,इलाज गुणवत्ताहीन किए जा रहे।

जांच दल यह देखेंगे कि अस्पताल में मान्यता प्राप्त डॉक्टर कार्यरत हैं या नहीं, उनके पास वैध डिग्रियां हैं या नहीं, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध है या नहीं, अस्पताल का सीएमएचओ कार्यालय में विधिवत पंजीयन है या नहीं, तथा आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और अन्य उपकरण तकनीकी रूप से सक्षम और कार्यशील हैं या नहीं। यह भी जांचा जाएगा कि मरीजों का किस बीमारी के लिए उपचार किया जा रहा है, इलाज कौन कर रहा है, डॉक्टर की विशेषज्ञता क्या है, और उपचार के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं।

कलेक्टर ने खोला मोर्चा- उज्जैन शहर के लिए 5 जांच दल गठित

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर ने अपंजीकृत क्लीनिकों और अस्पतालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनके आदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने शहर और जिले में संचालित अस्पतालों एवं क्लीनिकों की जांच के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है(कलेक्टर के निर्देश पर उज्जैन शहर में संचालित क्लीनिकों और अस्पतालों के निरीक्षण के लिए पांच जांच दल गठित किए गए हैं। ये दल अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर अस्पतालों, क्लीनिकों और पॉलीक्लिनिकों का निरीक्षण करेंगे और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही जिले के सभी ब्लॉक मेडिकल अधिकारियों और मेडिकल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण करें और अवैध रूप से संचालित अपंजीकृत अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। वैध रूप से पंजीकृत अस्पतालों की भी जांच की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं।

बिना पंजीयन अस्पताल अवैधानिक

नवभारत से चर्चा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि के म.प्र. उपचर्या तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 के तहत कोई भी क्लिनिक अथवा अस्पताल बिना पंजीयन के संचालित नहीं किया जा सकता। जिले में अनधिकृत रूप से अपंजीकृत क्लीनिक एवं अस्पतालों का संचालन पूर्णतः अवैधानिक है। टीम बनाकर सभी की जांच की जाएगी और अवैधानिक मिलने पर तुरंत सील कर संबंधित पर कार्रवाई करेंगे।

मदर्स डे पर समाज की प्रेरणास्त्रोत माताओं का किया सम्मान

- बेटी को किडनी देकर जीवनदान देने वाली मां का सम्मान

उज्जैन। मातृत्व, त्याग और संस्कारों के प्रतीक मदर्स डे के अवसर पर जीवनदीप परिवार द्वारा मातृशक्ति के सम्मान में एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की प्रेरणास्त्रोत माताओं का आत्मीय अभिनंदन कर उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

समारोह का विशेष आकर्षण मातृशक्ति सोनादेवी का सम्मान रहा। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपनी सुपुत्री रूबी यादव को अपनी किडनी दान कर नया जीवन प्रदान किया है।

सामाजिक गतिविधियां संचालित होती हैं

समारोह में अशोक कोठारी, प्रदीप पीपाड़ा, हर्ष जैन, अजीत मारू एवं अंकुर नाहर विशेष रूप से उपस्थित रहे। जीवनदीप परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में कार्य करती है। अंत में सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में समाज की प्रेरणास्त्रोत माताओं उषा मुथा, सुशीला कोठारी, निर्मला मेहता एवं सुमिना लिग्गा का शॉल-श्रीफल से सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां केवल परिवार की नींव ही नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रथम गुरु एवं समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मां का प्रेम, त्याग, समर्पण और संघर्ष प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को दिशा प्रदान करता है। श्वेता चौपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायी बनाने में जीवनदीप परिवार की महिला विंग की सदस्याओं की विशेष भूमिका रही।

खिलाड़ी बालक-बालिकाओं को किया जागरूक

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दीप ज्योति हेल्थ एण्ड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, उज्जैन के सहयोग से 08 मई को क्षीरसागर उज्जैन स्थित मलखंभ एरिना के खिलाड़ी बालक-बालिकाओं को सही, स्वच्छ, सुरक्षित एवं फोर्टिफाईड खान-पान के बारे में जागरूक किया गया तथा बच्चों में फास्ट फूड, जंक फूड के प्रति बढ़ रही प्रवृत्ति को कम करने एवं इसके स्वास्थ्य पर होने वाले विपरित प्रभाव के बारे में भी जानकारी देकर जागरुक किया गया। विभाग द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मलखम्ब के खिलाड़ी बालक-बालिकाओं को खाद्य पदार्थों में होने वाली सम्भावित मिलावट एवं मिलावट के घरेलू आसान परीक्षण के बारे में भी जागरूक किया गया।

चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से खिलाड़ी बालक-बालिकाओं को स्लाइड्स एवं वीडियों के माध्यम से प्रदर्शन कर भोजन में नमक, तेल व शक्कर की मात्रा कम करने, अधिक मात्रा में पानी पीने, भोजन में हरी सब्जियां, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, मौसमी फल, दाल व मोटा अनाज को अधिक मात्रा में सम्मिलित करने, तली हुई खाद्य सामग्री का उपयोग सीमित करने तथा पैक्ड खाद्य सामग्री को खरीदने के पूर्व उसके लेबल पर क्या-क्या जानकारियां अंकित होना चाहिए आदि के बारे में विस्तृत से समझाया गया। जन जागरूकता कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस देवलिया, रजत मेहता, सुशील श्रीवास, संरक्षक डॉ. कपिल कटारिया और अध्यक्ष दीपक जैन, कोच राहुल बारोट, वीशनेस सुगंधी, आदित्य गेहलोत, संजना प्रजापति आदि उपस्थित थे।

अभिनेता पहुंचे महाकाल में ▶ गायिका इशिता भी पहुंची, मंदिर और महाकाल लोक की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की

अर्जुन रामपाल भस्मारती में हुए शामिल, चांदी द्वार से किए दर्शन

उज्जैन। अभिनेता अर्जुन रामपाल रविवार को ज्योतिर्लिंग महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने नंदी हॉल आरती देखी इसके बाद चांदी द्वार से बाबा के दर्शन किए। मंदिर समिति की ओर से अधिकारियों ने अभिनेता का दुपट्टे ओढ़ाकर स्वागत-सम्मान किया।

अर्जुन रामपाल ने मंदिर की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की व सिंहस्थ की तैयारियों का भी जिक्र किया। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने फिल्म धुरंधर द रिवेंज में पाकिस्तानी मेजर इकबाल का किरदार निभाया है। इससे पहले वे 15 मार्च 2025 को उज्जैन आए थे। उनके साथ गायिका इशिता विश्वकर्मा ने भी भस्मारती देखी व महाकाल के दर्शन किए। इशिता विश्वकर्मा ने अपना 24 वां जन्मदिन बाबा के दरबार में दर्शन-पूजन कर मनाया। इशिता जबलपुर की ही रहने वाली हैं। उन्होंने मंदिर परिसर में भजन मन मेरा मंदिर, शिव मेरी पूजा, शिव से बड़ा नहीं कोई दूजा भी सुनाया।

दादूराम आश्रम में विराजी मां शिप्रा

श्री दादूराम आश्रम सदावल रोड पर रविवार को आयोजित धार्मिक आयोजन के साथ मां शिप्रा की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठित की गई। इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज के सानिध्य में एक कन्या का विवाह भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के अखाड़ों व आश्रमों के संत-महंत एवं महामंडलेश्वरों ने मां शिप्रा का पूजन-अर्चन कर कन्या को आशीर्वाद प्रदान किया व आरती के पश्चात भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। सुबह पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार कर मां शिप्रा की मूर्ति का पूजन किया। दोपहर में नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठित की गई।

नए घाटों पर छायादार पौधे लगाने का आह्वान

- भाविप महाकाल शाखा के अध्यक्ष बने रवींद्र मुले

उज्जैन। भारत विकास परिषद महाकाल शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह माधव क्लब में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शाखा संस्थापक दीपक राजवानी ने बताया कि महानगर समन्वयक एवं शपथ अधिकारी डॉ. ईश्वर सिंह सिसोदिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र वि. मुले, सचिव अशोक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष यशी सिंह को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने नवीन पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र वि. मुले ने संस्था में शामिल हुए नए सदस्यों को सदस्यता की शपथ ग्रहण करवाई। इस दौरान सत्र 2025-26 के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन राजवानी और सचिव मोहन सिंह हिंगोले को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी गई।

अतिथियों का हुआ सम्मान

समारोह में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और ओम जैन का सम्मान पत्र शाखा संस्थापक नीला टकसाली ने पढ़ा, जिसके बाद पदाधिकारियों ने उन्हें यह पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक तुलसीदास राजवानी थे। संचालन गीता अग्रवाल ने किया तथा अंत में आभार मोहन सिंह हिंगोले ने माना। विधायक कालूहेड़ा ने अपने उद्बोधन में नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्र में नदी किनारे निर्मित नए घाटों पर छायादार पौधे लगाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि ओम जैन ने भी नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. राजेश पंड्या भी उपस्थित रहे।